# फॉक्सकॉन ने चिप प्लांट के लिए आवेदन किया

नई दिल्ली, एजेंसी। वेदांता समूह से अलग होने के बाद ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने भारत में सेमीकंडक्टर चिप प्लांट बनाने के लिए सरकार के पास नए सिरे से आवेदन किया है।

कंपनी लंबे समय से देश में सेमीकंडक्टर चिप प्लांट लगाने की संभावना तलाश रही थी। इसके लिए उसने वेदांता समूह के साथ साझेदारी भी की थी लेकिन बाद में वह सौदे से अलग हो गई। बताया जा रहा है कि अब कंपनी ने दोबारा से आवेदन किया है, जिसकी समीक्षा सरकार कर रही है। गौरतलब है देश में सेमीकंडक्टर चिप प्लांट बनाने के लिए फॉक्सकॉन ने पिछले साल सितंबर में वेदांता समूह के साथ 19.5 अरब डॉलर का सौदा किया था। इसके तहत गुजरात में प्लांट बनाया जाना था लेकिन इस साल जुलाई में फॉक्सकॉन सौदे से पीछे हट गई। इसके बाद सरकार ने इस मामले में रिपोर्ट भी तलब की थी।

## नई कंपनी के साथ की साझेदारी

बताया जा रहा है कि फॉक्सकॉन को नई सहयोगी कंपनी मिल गई है। दोनों मिलकर भारत में 40 नैनोमीटर चिप प्लांट लगाएंगे। इस चिप का इस्तेमाल कार, कैमरे, प्रिंटर और कई अन्य मशीनों में किया जाता है। सरकार ने फॉक्सकॉन से नई साझेदारी के बारे में अधिक जानकारी मांगी है।